द्वितीय सत्र, 2020
का प्रथम बुधवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## बुधवार,
## 01 आश्विन, शक संवत्, 1942
## (दिनांक : 23 सितम्बर, 2020)

## नत्थी 'ख'
## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश सिंह<br>24.08.2020 | ** क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में केन्द्रीय निर्माण एजेंसी बी0आर0ओ0 द्वारा सड़क कटिंग के दौरान वन विभाग की भूमि में स्थापित सैकड़ों दुर्लभ प्रजाति के पेड़ काटे जा रहे है ? यदि हां, तो क्या इस हेतु बी0आर0ओ0 द्वारा शासन से स्वीकृति/अनापत्ति ली गयी है? क्या राज्य सरकार द्वारा इस हेतु कोई ऐसे दिशा निर्देश जारी किये गये है जिससे प्रदेश में दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को कम से कम क्षति पहुचें अथवा इसकी भरपाई की जा सके? क्या वन मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सड़क कटिंग के दौरान काटे गये दुर्लभ प्रजाति के वृक्षों के स्थान पर 01 वृक्ष के एवज में 10 वृक्ष रोपित किये जाने के सिद्धान्तानुसार केन्द्रीय एजेन्सी बी0आर0ओ0 द्वारा वृक्षारोपेण किया गया है? यदि हां, तो अभी तक उक्त क्षेत्र में कितने पौधों का रोपण बी0आर0ओ0 द्वारा किया जा चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>24.08.2020 | ** क्या गन्ना विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य के गन्ना किसानों का गन्ना मिलों पर करोड़ों रूपयों की धनराशि बकाया है ? क्या हरिद्वार जनपद की इकबालपुर, लिब्बरहेडी व लक्सर की गन्ना मिलों पर 388 करोड़ की धनराशि बकाया है ? क्या यह सत्य है कि गन्ना खरीद एवं पूर्ति अधिनियम 1953 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिलाधिकारी प्रतिवर्ष पेराई सत्र में चीनी मिल के बैकर्स को चीनी के बन्धक पर प्राप्त होने वाली अग्रिम धनराशि का 85 प्रतिशत का गन्ना मूल्य खाते में स्थानान्तरित करने के लिए निर्धारित करते है? क्या मंत्री जी बतायेंगे कि जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित उक्त धनराशि गन्ना मूल्य एवं गन्ना परिवहन के भुगतान हेतु पृथक से गन्ना मूल्य खाता खोलकर जमा कराने का प्राविधान होने के बावजूद किसानों के गन्ना भुगतान में वर्षों क्यों लग जाते है? क्या सरकार द्वारा गन्ना किसानों के बकाया धनराशि के शीघ्र भुगतान की कोई योजना बनाई गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | गन्ना विकास |

# नत्थी 'ग'

## उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत द्वितीय सत्र 2020 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.08.2019 | *1. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के वनों में पाई जाने वाली प्रचुर प्राकृतिक सम्पदा यथा जड़ी–बूटी, बांज, बुरांश आदि पौधे तथा जल स्रोतों का युक्तियुक्त दोहन कर प्रदेश में रोजगार की अपार सम्भावनाएं सृजित की जा सकती है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह<br>08.08.2019 | *2. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून में रिस्पना नदी की स्वच्छ अविरल जल धारा बह सके इसके लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.02.2020 | *3. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में प्राकृतिक जल स्रोत अत्यधिक मात्रा में सूख गये हैं या सूखने के कगार पर हैं? यदि हॉ, तो क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि प्राकृतिक जल स्रोत सूख जाने से पर्वतीय क्षेत्रों के लोगों को पेयजल जैसी मूल समस्या से जूझना पड़ रहा हैं? क्या सरकार प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने हेतु कोई ठोस नीति बनायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री धन सिंह नेगी<br>03.02.2020 | *4. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि टिहरी जनपद के चम्बा, मसूरी, काण्डाताल फल पट्टी क्षेत्र के कास्तकारों को पट्टे आवंटित किये गये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त फल पट्टी क्षेत्र में काबिज कुल कास्तकारों का विवरण उपलब्ध करायेगी? क्या यह भी सत्य है कि उक्त फल पट्टी क्षेत्र में स्थित कास्तकार आवंटित पट्टों के स्थायीकरण/भूमिधरी की मांग कर रहे हैं? यदि हां, तो क्या सरकार वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत प्रदेश में आवंटित पट्टों का स्थायीकरण/भूमिधरी देने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

# नत्थी 'घ'
# तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>27.04.2020 | **विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>*1. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि लॉक डाउन के समय शहरी क्षेत्रों में निवासरत/किरायेदारों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे प्रत्येक वर्ग प्रभावित हुआ है ? क्या इन प्रभावित लोगों की आय में वृद्धि के लिये सरकार की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>28.04.2020 | **विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने एवं विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>*2. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि कोरोना महामारी के संकट से उत्तराखण्ड राज्य बहुत प्रभावित हुआ है क्योंकि राज्य में रोजगार के पर्याप्त अवसर न होने के कारण अधिकतर मजदूर वर्ग ने दूसरे प्रदेशों में पलायन किया है, उनकी आजीविका एवं उन्हें प्रदेश में लाने के लिये क्या सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.04.2020 | *3. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्वतीय क्षेत्र में पर्यावरण सुरक्षा के लिये वन अग्नि जिससे हरित वन एवं अन्य जीवों को भी नुकसान होता है, इसके लिये सरकार द्वारा कोई ठोस नीति बनाये जाने की कोई योजना है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>05.05.2020 | *4. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के कार्यदायी विभागों में सरकारी धन के खर्च करने के लिए टेण्डरिंग की व्यवस्था है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में वन विभाग के तहत कराये जाने वाले कार्यों में किस प्रकार टेण्डरिंग की जाती हैं ? क्या यह भी सत्य है कि टेण्डरिंग से राज्य को आमदनी होती है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी वन विभाग के तहत वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 में कराये गये टेण्डरिंग से विभाग को हुई आमदनी का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री संजीव आर्य<br>05.05.2020 | *5. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के महत्वपूर्ण स्थल यथा जिला मुख्यालय तथा अन्य पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के रूप में विख्यात स्थलों में पार्किंग की बढ़ती असुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पार्किंग स्थलों के विकास की दीर्घावधिक योजना एवं नीति तैयार की गई है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उस योजना का स्वरूप एवं विस्तृत विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल शहर में पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण पर्यटन व्यवसाय को पहुंच रही आर्थिक हानि को दृष्टिगत रखते हुए मा0 | आवास |

उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा पार्किंग स्थल निर्माण हेतु कोई निर्देश दिये गये हैं? यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है?

–3–

श्री धन सिंह नेगी
06.05.2020

*6. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य में क्षतिपूरक वनीकरण निधि (कैम्पा) संचालित है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि कैम्पा के तहत कौन–कौन से कार्य कराये जाते है ? क्या यह भी सत्य है कि भारत सरकार द्वारा राज्य को कैम्पा के तहत दी जानी वाली धनराशि अवमुक्त कर दी गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी कैम्पा के तहत कितने कार्य कराये गये है तथा उन पर व्यय धनराशि का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

वन

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
06.05.2020

*7. शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद देहरादून, विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत शीशमबाड़ा में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण किया गया है? ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण से पूर्व में भी क्षेत्रवासियों को ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में कूड़ा निस्तारण के समय दुर्गन्ध आने से क्षेत्र में गंभीर बीमारियाँ होना व नदी का पानी दूषित होना, साथ ही साथ पर्यावरण को भी नुकसान होने का अंदेशा था। पूर्व में क्षेत्रवासियों द्वारा विरोध के बावजूद भी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण कर दिया गया। वर्तमान में ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में कूडा निस्तारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कूड़े से निकलने वाली दुर्गन्ध से ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के चारों ओर लगभग 8–10 किमी0 के दायरे में दुर्गन्ध से कई गांव प्रभावित हो रहे है। क्षेत्रवासियों व मेरे द्वारा सम्बन्धित कूड़ा निस्तारण कम्पनी व सम्बन्धित विभाग को मौखिक व लिखित व आन्दोलन के रूप में वायु के साथ फैलने वाली दुर्गन्ध के निस्तारण हेतु कई बार अवगत कराया, लोकिन आज तिथि तक भी ट्रेंचिंग ग्राउण्ड से निकलने वाली दुर्गन्ध का कोई उपाय नहीं किया गया। क्या ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का निर्माण मानकों की अनदेखी कर निर्मित किया गया है? क्या सरकार ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के निर्माण में मानकों की अनदेखी व उससे निकलने वाली दुर्गन्ध व अन्य समस्याओं से निजात दिलाये जाने हेतु ट्रेंचिंग ग्राउण्ड को अन्य किसी स्थान पर स्थानान्तरित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

शहरी विकास

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
06.05.2020

**माननीय उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**

*8. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अर्न्तगत सेन्ट्रल हॉप टाउन (सैलाकुई) जो कि पूर्व में ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बना दी गई थी, लेकिन वर्तमान में सेन्ट्रल हॉप टाउन (सेलाकुई) न ही ग्राम पंचायत के रूप में कार्य कर रही है और न ही नगर पंचायत के रूप में? क्या यह सत्य है कि सेन्ट्रल हॉप टाउन (सैलाकुई) के निवासियों को दस्तावेज सम्बन्धी व अन्य कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है एवं साथ ही साथ क्षेत्र में विकास के कार्य

शहरी विकास

भी अवरूद्ध है? क्या सरकार द्वारा क्षेत्रवासियों को समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ?



| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.05.2020 | *9. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर सेन्च्यूरी क्षेत्र अधिसूचित है ? यदि हां, तो वर्तमान में राज्य के भीतर अधिसूचित सेन्च्यूरी क्षेत्र के अन्तर्गत निवास करने वाले गांवों का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? क्या यह भी सत्य है कि सेन्च्यूरी क्षेत्र के भीतर निवास करने वाले ग्रामीणों को हक–हकूक भी प्रतिबन्धित है ? यदि हां, तो क्या सरकार इनके हक–हकूक बचाये रखने के लिए वर्तमान में कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>12.05.2020 | *10. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लॉकडाऊन के चलते जो उत्तराखण्डी प्रवासी हजारों की संख्या में उत्तराखण्ड लौटे हैं उनके रोजगार के लिए सरकार द्वारा क्या योजना बनायी गई है? सरकार द्वारा प्रवासियों को किस प्रकार रोजगार मुहैय्या कराया जायेगा? यदि हां, तो वह कार्ययोजना क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | सेवायोजन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2020 | *11. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाला दुर्लभ वृक्ष भोजपत्र (वनस्पतिक नाम बेटुला युटलिस) लगभग समाप्ति की कगार पर है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस दुर्लभ उच्च हिमालयी क्षेत्र के वृक्ष भोजपत्र के संरक्षण व सम्वर्द्धन के लिए कोई ठोस व कारगर योजना बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2020 | *12. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार कौन–कौन से मोटर मार्ग निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण के प्रकरण भारत सरकार के स्तर पर किस तिथि से लम्बित हैं ? क्या यह सत्य है कि वन भूमि हस्तान्तरण के मामले अधिक समय से लम्बित होने के कारण मोटरमार्गों का निर्माण नहीं हो पा रहा है ? क्या सरकार ऐसे लम्बित प्रकरणों के निस्तारण के लिए ठोस कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्रीमती ममता राकेश<br>15.05.2020 | *13. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार श्रम कानून में संशोधन कर श्रमिकों की कार्य अवधि को आठ घण्टे से बढ़ाकर बारह घण्टे करने पर विचार कर रही है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि श्रमिकों की कार्य अवधि बढ़ाये जाने के फलस्वरूप क्या सरकार उन्हें अतिरिक्त वेतन या ओवरटाईम देगी ? यदि हां, तो कितना ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्रीमती ममता राकेश<br>18.05.2020 | *14. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में लॉक डाउन के दौरान बन्द हुई औद्योगिक इकाई में कार्यरत श्रमिकों को औद्योगिक इकाईयों द्वारा लॉक डाउन समय के वेतन का भुगतान कर दिया गया है? यदि हां, | श्रम |

तो उक्त का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार ई0एस0आई0 फंड को स्थानान्तरित कर श्रमिकों को वेतन देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों?

–5–

| | | |
|---|---|---|
| काजी मौ0 निजामुददीन<br>19.05.2020 | *15. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि महाकुम्भ हरिद्वार 2021 की व्यवस्था हेतु कुम्भ से सम्बन्धित स्थायी निर्माण कार्य पूर्ण करने की कोई अंतिम तिथि निर्धारित की गई है ? यदि हां, तो वह तिथि क्या है ? यदि नहीं, तो अभी तक तिथि निर्धारित न होने का क्या कारण है ? | शहरी विकास |
| काजी मौ0 निजामुददीन<br>20.05.2020 | *16. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कोविड–19 की तालाबंदी के कारण राज्य के कितने श्रमिक रोजगार विहीन हो गये ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 की तालाबंदी के उपरांत श्रमिकों को रोजगार दिलवाने हेतु कोई विशेष कार्ययोजना चलाई गई है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास एवं सेवायोजन |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>21.05.2020 | *17. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में रोजगार देने की कोई नीति बनी है ? यदि हां, तो मार्च 2017 से मार्च 2020 तक कितने लोगों को इस नीति से रोजगार मिला है? | सेवायोजन |
| काजी मौ0 निजामुददीन<br>21.05.2020 | *18. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि स्मार्ट सिटी परियोजना के अन्तर्गत स्मार्ट सिटी की परिभाषा क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितनी और कौन–कौन सी स्मार्ट सिटी बनायी गयी हैं ? क्या राज्य में स्मार्ट सिटी विकसित करने की कोई कार्ययोजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री मनोज रावत<br>09.06.2020 | *19. क्या आयुष एवं आयुष शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के कितने युवा भारतीय चिकित्सा परिषद् में पंचकर्म सहायक के रूप में पंजीकृत हैं? राज्य सरकार के पास पंचकर्म सहायक के कितने पदों के सृजन का प्रस्ताव कितने समय से लम्बित हैं? क्या राज्य सरकार इन पदों को सृजित करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | आयुष एवं आयुष शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>29.06.2020 | *20. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि देहरादून नगर के वार्ड–2 गंगोत्री विहार (चीड़ोवाली) में छोटे–छोटे भूखण्डों में बहुमंजिला आवासीय फ्लैट्स का निर्माण कर विक्रय किए जा रहे है, जिस कारण आबादी का घनत्व अनपेक्षित रूप से बढ़ रहा है ? क्या भवनों के मानचित्र स्वीकृत करते समय क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था तथा अग्नि शमन के उपायों की सुविधा को दृष्टिगत रखा जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी ऐसी व्यवस्था करेंगे कि मानचित्र स्वीकृति के मापदण्ड ऐसे हो कि नगर के नवविकसित क्षेत्रों में आवासीय भवनों का घनत्व क्षेत्र में उपलब्ध पेयजल, सीवर व्यवस्था, यातायात तथा विद्युत आपूर्ति के सापेक्ष हो ? यदि नहीं, तो इसमें क्या कठिनाई है ? | आवास |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>27.01.2020 | **स्थगित।**<br>1. विधान सभा के द्वितीय सत्र 2019 के दिनांक 10.12.2019 के उपवेशन में मेरे द्वारा नियम–51 में उठाई गई चर्चा के क्रम में शहरी विकास मंत्री जी द्वारा दिये गये उत्तर में कहा गया है कि दिनांक 28.05.2019 द्वारा उप जिलाधिकारी, भगवानपुर की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की गई है ? यदि हां, तो मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि समिति द्वारा की गई संस्तुति पर की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | शहरी विकास |

–6–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>06.02.2020 | **स्थगित।**<br>2. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत है कि नगर पालिका क्षेत्र में स्थानीय निकाय सीवर लाईन का निर्माण करते है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में टिहरी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद, नई टिहरी व चम्बा में सीवर लाईन की स्थिति क्या है? क्या यह भी सत्य है कि शहरी विकास विभाग नगर पालिका क्षेत्रों में सीवर समस्या के समाधान के लिए अवस्थापना विकास का कार्य करती है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र, टिहरी के नगर पालिका परिषद नई टिहरी के एम. ब्लॉक, ढुगीधार व निर्बल वर्ग आश्रम की सीवर लाईन को एस0टी0पी0 लाईन से जोड़ने की कार्यवाही करने का कार्य करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.04.2020 | 1. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत स्थापित औद्योगिक फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआँ और गन्दा पानी पूरे क्षेत्र को दूषित कर रहा है ? क्या सरकार द्वारा प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों को प्रदूषण की रोकथाम हेतु कोई दिशा–निर्देश दिये गये हैं ? यदि हां, तो क्या? क्या सभी औद्योगिक संस्थान दिशा–निर्देशों का पालन कर रहे हैं ? यदि नहीं, तो अभी तक कितनी प्रदूषण और गन्दा पानी फैलाने वाली फैक्ट्रियों पर प्रतिबंध लगाया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>01.05.2020 | 2. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगरीय अवस्थापना ए0डी0बी0 के अन्तर्गत राज्य में पेयजल, ठोस अपशिष्ट पदार्थ, यातायात प्रबन्धन सीवरेज से सम्बन्धित कितने कार्य किये जा रहे हैं तथा किये जा रहे कार्यो की जनपदवार अद्यतन स्थिति क्या है और विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत नगर पंचायत झबरेड़ा व नगर निगम रूड़की में कुल कितने कार्य हुए है? यदि नही, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>01.05.2020 | 3. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सचिव, विकास प्राधिकरण, रूड़की (हरिद्वार) को प्रेषित पत्र संख्या MEMO/VIP/2019, दिनांक 07.12. 2019, जो कि हरिद्वार जनपद के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में ट्रांसपोर्ट नगर बनाये जाने विषयक है, के क्रम में दिनांक 16 दिसम्बर, 2019 को | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| | सहायक अभियन्ता ह0–रू0वि0प्रा0, शाखा कार्यालय रूड़की को पत्र प्रेषित किया गया है, पर ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण हेतु की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | |
| श्री चन्दन राम दास<br>06.05.2020 | 4. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या प्रधानमंत्री सड़क योजना में सड़कों की सैद्धांतिक व विधिवत स्वीकृति मिलने में कठिनाई आ रही हैं? यदि हां, तो विभाग व शासन स्तर पर लम्बित व निरस्त की गई सड़कों का क्या औचित्य हैं, इसके लिए क्या सरकार द्वारा जिम्मेदारी तय की जाएगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

–7–

| | | |
|---|---|---|
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>06.05.2020 | 5. क्या वन मंत्री अवगत है कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर का अधिकांश भाग वन विभाग की सीमा से सटा हुआ है एवं प्रत्येक वर्ष बरसात के मौसम में वन विभाग के क्षेत्र से बरसाती पानी आबादी वाले व कृषि योग्य क्षेत्र में आ जाता है, जिससे कृषि योग्य भूमि व आबादी क्षेत्र में नुकसान होता है? यदि हॉ, तो क्या सरकार की बरसात के पानी को रोकने हेतु सुरक्षा दीवार बनाये जाने व वनीकरण किये जाने हेतु कोई कार्यवाही प्रस्तावित है? यदि हां तो क्या? यदि नहीं तो क्यों? | वन |
| श्री धन सिंह नेगी<br>08.05.2020 | 6. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में भागीरथी नदी घाटी विकास प्राधिकरण अस्तित्व में है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में उक्त प्राधिकरण के प्रशासनिक ढांचे में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कार्यरत कार्मिकों का विवरण क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त प्राधिकरण द्वारा भागीरथी नदी घाटी क्षेत्र की महायोजना का कार्य चल रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त महायोजना के कार्य की वर्तमान स्थिति से अवगत करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.05.2020 | 7. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधान सभा क्षेत्र में बंदरों द्वारा क्षेत्र के किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है ? क्या सरकार भीमताल विधान सभा क्षेत्र में फसलों को नुकसान से बचाने हेतु बंदरवाड़े बनवाएगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री राम सिंह कैड़ा<br>08.05.2020 | 8. क्या आवास मंत्री अवगत हैं कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र के भीमताल व नौकुचियाताल में जिला विकास प्राधिकरण तत्कालीन (झील विकास प्राधिकरण) के अंतर्गत मानचित्र मास्टर प्लान 2011 में समाप्त हो गया था ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि नया मास्टर प्लान कब तक बनेगा व स्थानीय मूल निवासियों को भवन मानचित्रों में सरकार क्या छूट देगी ? यदि हां, तो कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आवास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>11.05.2020 | 9. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि राज्य के भीतर ईको पर्यटन की सम्भावनायें सम्भव है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में विभाग के पास ऐसे कितने क्षेत्र है जहां पर ईको पर्यटन की सम्भावनायें है ? क्या यह भी सत्य है कि ईको पर्यटन से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होता है ? यदि हां, तो क्या सरकार ईको पर्यटन की दृष्टि से सम्भावित क्षेत्रों को अधिसूचित करने का कार्य करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश सिंह<br>13.05.2020 | **प्रथम शुक्रवार के अतारांकित–46 में स्थानान्तरित।**<br>10. श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार बलाती फार्म में विगत 15 वर्षों से भी अधिक समय से कार्ययत मजदूरों का नियमितीकरण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>13.05.2020 | 11. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में, मोहल्लों/वार्डों के नाम जो जातिसूचक शब्दों को इंगित करते है तथा इनमें से कुछ नाम अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के एक्ट के दायरे में आते है ? क्या राज्य में इन मोहल्लों/वार्डों के नाम भारत के महापुरूषों के नाम पर रखे जाने का प्रस्ताव है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

–8–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>14.05.2020 | 12. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जो छोटी नगर पंचायतें राज्य में स्थित है उनका विकास भी स्मार्ट नगर पंचायतों के तहत किये जाने की कोई योजनाएं बनायी जा रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>15.05.2020 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित–10 में स्थानान्तरित।**<br>13. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ठोस अपशिष्ट निस्तारण हेतु सरकार द्वारा क्या–क्या उपाय किए जा रहे है ? क्या यह सत्य है कि ठोस अपशिष्ट निवारण के पुख्ता इंतजाम न होने के कारण पर्यावरण दिन–प्रतिदिन दूषित होता जा रहा है ? क्या यह भी सत्य है कि ठोस अपशिष्ट को नदी–नालों में बहाये जाने से पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस दिशा में ठोस कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>18.05.2020 | 14. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में न्वाली से रूनाडा सड़क 2013 में स्वीकृत हुई है ? क्या सरकार की मानक संचालन प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) मार्गदर्शिका बनी है? यदि हां, तो एक ही कार्यालय में पत्रावली के निस्तारण की कोई समय सीमा निर्धारित की है? यदि हां, तो क्या समय सीमा के अन्तर्गत पत्रावली का निस्तारण किया जाता है ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.05.2020 | 15. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पंचायत क्षेत्र झबरेड़ा के लिए कितनी योजनाएं स्वीकृत की गई है ? नगर पंचायत झबरेड़ा के विकास के लिए कार्य करने की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2020 | 16. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी में सुवाखोली–अलमस–भवान–नगुण मोटरमार्ग के सुवाखोली–अलमस–भवान तक के भाग के सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण कार्य वन भूमि हस्तान्तरण न होने के फलस्वरूप लम्बित है ? क्या यह सत्य है कि उक्त मोटरमार्ग के उक्त भाग के अत्यधिक संकरा तथा पहाड़ी होने के कारण दुर्घटनायें घटित होती हैं ? क्या सरकार उपरोक्त मोटरमार्ग के भाग के सुदृढ़ीकरण/चौड़ीकरण कार्य के लिए वन भूमि हस्तान्तरण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? | वन |

| | | |
|---|---|---|
| | यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>20.05.2020 | 17. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत वन्य जीवों के द्वारा घायल किए गये काश्तकारों तथा मारे गये पालतु जानवरों के प्रतिकर के कुल कितने प्रकरण भुगतान हेतु लम्बित है ? क्या सरकार ऐसे लम्बित प्रकरणों का शीघ्र निरस्तारण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.05.2020 | 18. क्या जनगणना मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनगणना का कार्य प्रारम्भ हो चुका है ? क्या प्रदेश की सातवीं आर्थिक गणना–2019 पूर्ण हो चुकी है ? क्या सरकार बतायेगी कि जनगणना तथा आर्थिक गणना का कार्य प्रदेश में कब तक पूर्ण करवा लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | जनगणना |

–9–

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>27.05.2020 | 19. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य के अन्तर्गत शहरी नगर निकायों में आय के स्रोत बढ़ाने के लिए टैक्स लगाया जाता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक निकायों द्वारा कितने प्रकार के टैक्स लगाये जाने की व्यवस्था है ? क्या यह भी सत्य है कि नगर निकाय उक्त टैक्स का उपयोग अपने क्षेत्र के विकास पर करते है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के नगर पालिका परिषदों/पंचायतों को उक्त मद में होने वाली आय वर्ष 2018–19 व 2019–20 का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>27.05.2020 | 20. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य में उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड का गठन हुआ है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि अभी तक उक्त बोर्ड द्वारा कौन–कौन सी योजनायें जनमानस के लिए दी जा रही है ? क्या यह भी सत्य है कि उक्त बोर्ड में फण्ड का प्राविधान हैं ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बतायेंगे कि उक्त बोर्ड में जमा धनराशि किस–किस मद से प्राप्त की जाती है तथा वर्तमान में कुल कितनी धनराशि बोर्ड के पास जमा है ? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री धन सिंह नेगी<br>29.05.2020 | 21. क्या श्रम मंत्री अवगत हैं कि राज्य में भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड गठित है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त बोर्ड में कितने श्रमिकों का पंजीकरण किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि पंजीकरण के लिए सेवा शर्तों का विशेष प्राविधान है? यदि हां ,तो वर्तमान में पंजीकरण के लिए क्या–क्या शर्तें आवश्यक हैं तथा उनके लिए सक्षम अधिकारी जनपद स्तर पर कौन हैं? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री धन सिंह नेगी<br>29.05.2020 | 22. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कार्यरत है? यदि हां तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र टिहरी के अन्तर्गत वर्तमान में कितने संस्थान कार्यरत हैं तथा उनमें पढ़ाये जाने वाले ट्रेडों का विवरण क्या है? क्या यह | कौशल विकास |

| | | |
|---|---|---|
| | भी सत्य है कि सरकार इन प्रशिक्षण संस्थानों को अपग्रेडेशन भी करती है? यदि हां तो क्या सरकार टिहरी विधानसभा क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ,नई टिहरी व चम्बा के लिए अभी तक की गयी कार्यवाही का विवरण उपलब्ध करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.06.2020 | 23. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत) के तहत क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं, और अभी तक कितने शहरी क्षेत्रों को इस योजना से जोड़ा गया है ? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>08.06.2020 | 24. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि अटल नवीनीकरण और शहरी परिवर्तन मिशन के अन्तर्गत जो (अमृत) योजना शुरू की गई है ? यदि हां, तो इस योजना के अन्तर्गत नगर निगम रूड़की में अभी तक क्या–क्या कार्य किये गये हैं? यदि नही, तो क्यों? | शहरी विकास |

–10–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>09.06.2020 | 25. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अन्तर्गत कितने श्रमिकों को लाभ दिया गया है? क्या सरकार इनके मासिक पेंशन की बढ़ोत्तरी पर विचार करेगी? यदि हाँ, तो कितनी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.06.2020 | 26. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के वन क्षेत्र की सीमा रेखा को प्रदर्शित करने के लिए मुनारबन्दी की जाती थी? क्या यह सत्य है कि कई वर्षों से मुनारों का निर्माण नहीं किया गया है? क्या यह भी सत्य है कि मुनारों के आस–पास से वन वटिया (वन–मार्ग) होकर गुजरती थी जिस पर चलकर वनकर्मी व ग्रामीण वनों की देखभाल करते थे? क्या सरकार ऐसे मृत पड़े वन पैदल मार्गों का जीर्णोद्धार करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.06.2020 | 27. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कई वर्षों से वन भूमि में काबिज लोगों को सुसंगत नजराना लेकर पट्टा आवंटित किये जाने की कोई योजना विचाराधीन है? क्या यह सत्य है कि कई वर्षों से वन भूमि पर काबिज परिवारों द्वारा नगदी तथा पारम्परिक फसलों का उत्पादन कर अपने परिवारों का पालन –पोषण किया जा रहा है? क्या सरकार ऐसे लोगों को काबिज भूमि का पट्टा सुसंगत नजराना लेकर दिए जाने पर विचार करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>10.06.2020 | 28. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में गुर्जर परिवारों का पुनर्वास कर लिया गया है? क्या सरकार बतायेगी कि कुल कितने गुर्जर परिवारों का पुनर्वास किया गया है? क्या पुनर्वासित गुर्जर परिवारों के द्वारा अब भी ग्रीष्म ऋतु में अपने पशुओं के साथ पर्वतीय क्षेत्र के विभिन्न छोटे–बडे बुग्याल क्षेत्रों में आवागमन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या | वन |

इनके समुचित पुनर्वास के पश्चात इनके आवागमन पर रोक लगायी जायेगी? यदि नहीं, तो क्यों?

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10.06.2020

**द्वितीय शुक्रवार के अतारांकित– 07 में स्थानान्तरित।**

29. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के इच्छुक शिक्षित बेरोजगारों को आयुर्वेदिक /होम्योपैथिक दवाईयों के निर्माण में काम आने वाली जड़ी–बूटियों/वनस्पतियों के उत्पादन के लिए कोई योजना का निर्माण किया गया है? क्या सरकार ऐसे बेरोजगारों को नर्सरी, बीज ,तथा उत्पादन क्षेत्र के लिए भूमि उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — आयुष

श्री प्रीतम सिंह पंवार
10.06.2020

30. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जनपदवार पंजीकृत कुल कितने श्रमिक हैं? कोरोना वायरस कोविड–19 की रोकथाम हेतु लॉकडाउन के चलते श्रमिकों को परिवार पालन–पोषण की भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा ? क्या सरकार बतायेगी कि श्रमिकों को इस अवधि में प्रति श्रमिक कुल कितनी राहत की गई? यदि नहीं, तो क्यों? — श्रम

–11–

श्री देशराज कर्णवाल
10.06.2020

31. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत जो लोग मलिन बस्तियों में निवासरत हैं, उनके लिए 'इन–सिटू पुर्नविकास' योजना के अन्तर्गत अभी तक कितनी मलिन बस्तियों का पुर्नविकास किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? — शहरी विकास

श्री देशराज कर्णवाल
11.06.2020

32. क्या वन मंत्री अवगत हैं कि गर्मियों के मौसम में जंगलों में अग्नि से वनों एवं जंगली जीवों तथा वनस्पतियों को बहुत नुकसान हो जाता है? इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किये जा रहे हैं? यदि नहीं, तो क्यों? — वन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
15.06.2020

33. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पूर्व में आयोजित वन आरक्षी भर्ती परीक्षा में हुई धांधली की जांच एस.आई.टी. से करवायी गई थी? क्या सरकार बतायेगी कि जांच पूर्ण करा ली गई है? यदि हां, तो जांच के परिणाम क्या निकले? सरकार वन आरक्षी भर्ती परीक्षा का परिणाम कब तक घोषित करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? — वन

श्री देशराज कर्णवाल
15.06.2020

34. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा विधान सभा क्षेत्र वार रोजगार के अवसर को बढ़ावा देने के क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? — सेवायोजन

श्री प्रीतम सिंह पंवार
16.06.2020

35. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बाल मजदूरी ,गरीबी व अशिक्षा में त्रिकोणीय रिश्ता है, वे एक दूसरे को जन्म देते व चलाते हैं? क्या यह सत्य है कि बाल श्रम समावेशी विकास सामाजिक व आर्थिक न्याय और — श्रम

| | | |
|---|---|---|
| | मानवाधिकारों के लिए सबसे बड़ी बाधा है? क्या सरकार प्रदेश में बाल श्रम को रोकने की दिशा में प्रभावी कार्य करेगी? यदि नही, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>16.06.2020 | 36. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड वन संरक्षण प्रबंधन परियोजना के अन्तर्गत क्या–क्या कार्य किये जा रहे हैं एवं इस परियोजना में कितने जनपदों को जोड़ा गया है तथा कितनी वन पंचायतें इस परियोजना से लाभान्वित हुई है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>17.06.2020 | 37. क्या कौशल विकास एवं सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में रोजगार को बढ़ावा देने के लिये युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान करने के लिये सरकार द्वारा क्या–क्या व्यवस्थायें की जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>18.06.2020 | 38. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजीव गांधी शहरी आवास विकास योजना के तहत कितने गरीब अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को गत वर्ष आवास वितरण किये गये हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |

–12–

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>23.06.2020 | 39. क्या कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि राज्य में कितने आई0टी0आई0 संस्थान हैं जिनके अपने भवन नहीं हैं उनकी संख्या व नाम क्या है तथा इन आई0टी0आई0 की स्थापना किस वर्ष हुई है? क्या यह सत्य है कि गैरसैण आई0टी0आई0 भवन निर्माण हेतु गत वर्ष से धनराशि उपलब्ध है व कार्यदायी संस्था नियत न होने के कारण इसका निर्माण प्रारम्भ नही हो पा रहा है ? यदि हॉ, तो कब तक इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | कौशल विकास |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>23.06.2020 | 40. क्या आवास मंत्री बतायेंगे कि राज्य में पांर्किंग निर्माण की कोई योजना है तथा वे किन–किन स्थानों में प्रस्तावित है ? क्या इसमें गैरसैण भी प्रस्तावित है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि गत वर्ष से विभाग द्वारा कार्यदायी संस्था चयनित न होने के कारण धनराशि उपलब्ध होने के बाद भी निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है ? क्या मत्री जी बतायेंगे कि कब तक कार्यदायी संस्था का चयन व निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | आवास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>23.06.2020 | 41. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सक्रिय व उत्कृष्ट कार्य करने वाली वन पंचायतों में आवश्यक अवस्थापना सुविधा विकास कार्यो के निर्माण तथा वन पंचायतों के सुदृढ़ीकरण व प्रोत्साहन के लिये कैम्पा व अन्य मदों से धनावंटन पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है? क्या सरकार वन पंचायतों को सशक्त करने के लिये कोई कार्ययोजना निर्माण करेगी? यदि हॉ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन एवं वन्य जीव |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>23.06.2020 | 42. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के अन्तर्गत ट्रेचिंग ग्राउण्ड प्लांट का निर्माण किया गया है? यदि हां, तो उनकी संख्या कितनी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री धन  सिंह नेगी<br>24.06.2020 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 12 में स्थानान्तरित।**<br>43. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि राज्य में नगर पालिका क्षेत्रों के अन्तर्गत पार्किंग निर्माण का कार्य आवास विभाग को आवंटित किया गया है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि ऐसी कितनी पांर्किग है जिनको निर्माण कार्य के लिये आवास विभाग को स्थानान्तरित कर दिया गया है तथा उनके निर्माण के लिये विभाग द्वारा किये गये बजट का प्राविधान का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री करन माहरा<br>24.06.2020 | 44. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि बड़े शव दाह स्थलों में जहां लकड़ी के टाल नहीं है वहां सरकार लकड़ी के नये टालों की व्यवस्था कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह नेगी<br>24.06.2020 | 45. क्या कौशल विकास मंत्री बतायेंगे कि शासन द्वारा राज्य में शहीद सैनिकों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उनके देश के प्रति सर्वोच्च बलिदान को देखते हुए सरकारी संस्थानों आदि को उनके नाम से जोड़ने की नीति है? यदि हां, तो क्या राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नन्दासैण जिला चमोली का नाम शहीद सैनिक मान सिंह राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नन्दासैण, चमोली करने का प्रस्ताव शासन में विचाराधीन है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |

–13–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>24.06.2020 | 46. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थापित उद्योगों के पर्यावरणीय मानकों की समय–समय पर जांच हेतु सरकार ने कोई नीति निर्धारित की है ? यदि हां, तो जिला हरिद्वार के कितने उद्योगों में जांच की गई है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>26.06.2020 | 47. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद–हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के शमशान घाट की चाहर दीवारी का निर्माण कार्य करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक कार्य पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्रीमती ममता राकेश<br>02.07.2020 | 48. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि श्रम विभाग में श्रमिकों के हितों हेतु वार्षिक बजट कितना है और इसका आवंटन किस प्रकार किया जाता है? क्या श्रमिकों को इसका सीधा लाभ मिल रहा हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री सुरेश राठौर<br>07.07.2020 | **विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>49. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में वर्ष 2014 के बाद से अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों, जो कि श्रेणी–4, वन, नजूल भूमि पर काबिज है, को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है ? यदि हॉ, तो उक्त कितने लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है ? क्या सरकार इसका विवरण सदन में प्रस्तुत करेगी? | आवास |

| | | |
|---|---|---|
| | यदि नहीं, तो उक्त योजना का लाभ उन लोगों को कब तक मिलेगा ? | |
| श्री सुरेश राठौर<br>07.07.2020 | 50. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में स्थित सभी छोटे–बड़े नगर निकायों में कुल कितने सफाई कर्मचारी/स्वच्छकार कर्मी वर्तमान में कार्यरत है? उक्त कर्मियों के कुल कितने पद स्वीकृत है? क्या उक्त पदों के सापेक्ष सभी भर्तियॉ पूर्ण कर ली गई है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी सम्पूर्ण विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो उक्त भर्तियां कब तक पूर्ण कर ली जायेगी ? | शहरी विकास |
| श्री आदेश सिंह चौहान<br>13.07.2020 | 51. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंह नगर के विधान सभा क्षेत्र, जसपुर के अंतर्गत जसपुर क्षेत्र में पतरामपुर रेंज के कार्बेट पार्क में प्रवेश हेतु एक नये द्वार खोलने के लिए राज्य सरकार प्रस्ताव बनाकर भारत सरकार को प्रेषित करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>20.07.2020 | 52. क्या कौशल विकास मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र, चम्पावत के अन्तर्गत बनबसा में वर्ष 2014 में आई0टी0आई0 कॉलेज की स्वीकृति दी गयी थी, जिसके निर्माण हेतु 0.569 हैक्टेयर भूमि आंवटित की गयी थी, परन्तु आई0टी0आई0 भवन का निर्माण न होने से बनबसा के छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षण हेतु अन्यत्र जाना पड़ता है? क्या सरकार जनहित में शीघ्र आई0टी0आई0 बनबसा के भवन का निर्माण करवायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |

–14–

| | | |
|---|---|---|
| श्री कैलाश चन्द्र गहतोड़ी<br>20.07.2020 | 53. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र, चम्पावत के अन्तर्गत पर्यटन के दृष्टि से महत्वपूर्ण नन्दोर अभ्यारण्य को विकसित करने हेतु सड़कों का निर्माण कराये जाने की दिशा में सरकार कोई ठोस कदम उठाने जा रही है? क्या सरकार जनहित में क्षेत्र में रोजगार के अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से टनकपुर नन्दोर वन्य अभ्यारण्य को विकसित करने की दिशा में सड़कों का निर्माण करायेगी? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>27.07.2020 | 54. क्या पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ट निवारण मंत्री बतायेंगे कि जनपद हरिद्वार के अन्तर्गत झबरेड़ा क्षेत्र में विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में जल शोधन यंत्र लगाये जा चुके है ? यदि हां, तो क्या सरकार इनका विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण एवं ठोस अपशिष्ट निवारण |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>27.07.2020 | 55. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री अवगत हैं कि संयुक्त वन प्रबंधन के अन्तर्गत उत्तराखण्ड में कितनी वन पंचायतें कार्यरत है तथा इन वन पंचायतों को कितनी वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है? क्या सरकार द्वारा इनकी सूची उपलब्ध कराई जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन एवं वन्य जीव |

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>27.07.2020 | 56. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अमृत योजना के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के झबरेड़ा विधान सभा क्षेत्र में कितना कार्य कर दिया गया है तथा इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>28.07.2020 | 57. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि बरसाती मौसम में जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा के प्रेमनगर, कृष्णानगर, शिवपुरम आदि क्षेत्रों में जल निकासी न होने के कारण भयावह स्थिति उत्पन्न हो जाती है? क्या सरकार उक्त क्षेत्रों में जल निकासी हेतु शीघ्र नाला निर्माण कार्य करवायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>28.07.2020 | 58. क्या सेवायोजन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के सभी जनपदों में जनपदवार वर्ष 2017 से अब तक कुल कितने शिक्षित बेरोजगारों द्वारा पंजीकरण कराया गया है एवं इसका विवरण क्या है? यदि नहीं, तो क्यों ? | सेवायोजन |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>28.07.2020 | 59. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में कितनी मलिन बस्तियां हैं? क्या सरकार जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा की मलिन बस्तियों का नियमितीकरण करने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.07.2020 | **स्थगित।**<br>60. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2017 से लेकर अब तक सीवर/सैप्टिक टैंकों में सफाई आदि का कार्य करते हुए कितने लोगों की मौत हो चुकी है? क्या यह सत्य है कि मृतकों के आश्रितों को यथाशीघ्र 10 लाख रूपये मुआवजा दिये जाने का प्राविधान है ? क्या यह मुआवजा सभी पीड़ितों को दे दिया गया है? यदि हां, तो उनका विवरण क्या हैं? यदि नही, तो क्यों? | शहरी विकास |

–15–

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.07.2020 | **विभिन्न विभागों से सम्बन्धित होने के आधार पर निरस्त।**<br>61. क्या आवास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में वर्ष 2017 से अब तक कितने गरीब असहाय आवास विहीन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अटल आवास योजना के अन्तर्गत आवास उपलब्ध करा दिये गये है? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | आवास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब<br>29.07.2020 | **स्थगित।**<br>62. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सीवर/टैंक सफाई आदि कामों को आधुनिक तकनीक से किया जा रहा है? यदि हां, तो जनपद हरिद्वार में सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों में नई आधुनिक मशीनें लगा दी गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>चमार साहब | **स्थगित।**<br>63. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार शहर में बसों एवं ट्रकों | शहरी विकास |

| | | |
|---|---|---|
| 29.07.2020 | के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण जनता को भारी असुविधा का सामना करना पडता है? यदि हां, तो क्या सरकार इस समस्या के निदान हेतु हरिद्वार के बाहरी क्षेत्र में ट्रक एवं बस पार्किंग बनाने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 29.07.2020 | **स्थगित।** 64. क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरिद्वार स्थित हरकी पैड़ी में संत शिरोमणी गुरू रविदास मंदिर का जीर्णोद्धार का कार्य पूर्ण हो चुका है? यदि नहीं, तो क्यों? | शहरी विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 31.07.2020 | 65. क्या वन एवं वन्य जीव मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में जंगली जानवरों, बन्दरों से हो रहे किसानों को नुकसान की क्षतिपूर्ति हर साल की जा रही है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र झबरेड़ा में कितने किसानों को राहत राशि दी गयी है? क्या मंत्री जी इसका विवरण सदन के पटल पर रखेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | वन एवं वन्य जीव |
| श्री सुरेश राठौर 31.07.2020 | 66. क्या कौशल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में कोविड–19 महामारी के चलते प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अन्तर्गत प्रदेश में कितने कौशल विकास के सेन्टर कार्यरत है? क्या कोरोना महामारी में अन्य प्रदेशों से वापस आये प्रवासियों को उक्त कौशल विकास सेन्टरों द्वारा उचित प्रशिक्षण दिया जा रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार सम्पूर्ण कौशल विकास सेन्टरों का विवरण सदन में प्रस्तुत करेगी? यदि नहीं, तो क्यों ? | कौशल विकास |

—16—

| | | |
|---|---|---|
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 04.08.2020 | 67. क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश में लगने वाले श्रम मेलों में बेरोजगारों को स्थानीय उद्यागों में शत्प्रतिशत रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है ? यदि हां, तो इसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब 04.08.2020 | 68. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में इको–टूरिज्म की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए सरकार कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वन |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 06.08.2020 | **द्वितीय बुधवार के अतारांकित 11 में स्थानान्तरित।** 69. क्या शहरी विकास मंत्री अवगत हैं कि काशीपुर शहर में निजी बसों व ट्रकों के बढ़ते दबाव के कारण मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति बनी रहती है और इस समस्या के निदान हेतु काशीपुर में ट्रान्सपोर्ट नगर की स्थापना | शहरी विकास |

कराया जाना सरकार के विचाराधीन है ? क्या सरकार द्वारा काशीपुर के एस्कार्ट फार्म में सरकार के पास उपलब्ध भूमि में ट्रान्सपोर्ट नगर बनाये जाने का निर्णय लिया गया है ? यदि हां, तो इसका शासनादेश जारी हो गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ?

| | | |
|---|---|---|
| श्री धन सिंह नेगी<br>19.08.2020 | 70. क्या श्रम मंत्री अवगत है कि राज्य में श्रम कानूनों का अनुपालन किया जा रहा है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में जनपदवार श्रम कानूनों के अनुपालन के लिए विभाग का वर्तमान स्वरूप क्या है? क्या यह भी सत्य है कि विभिन्न विभागों द्वारा उपनल, संविदा, आउटसोर्सिंग एजेन्सियों द्वारा रखे गये कार्मिकों को एक समान धनराशि देने के लिए कोई शासनादेश प्रचलन में है? यदि हां, तो वर्तमान में उक्त कार्मिकों को कितनी धनाराशि दिये जाने का प्राविधान है? क्या सरकार इसका विवरण उपलब्ध करायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | श्रम |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.08.2020 | 71. क्या वन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2020–21 में वनीकरण हेतु केन्द्र सरकार द्वारा कितने हैक्टेयर भूमि का लक्ष्य दिया गया है? क्या सरकार सभी पर्वतीय क्षेत्रों में वनीकरण करायेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.08.2020 | **तृतीय सोमवार के अतारांकित– 69 में स्थानान्तरित।**<br>72. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के पर्वतीय जिलों में संचालित हो रहे छोटे अस्पतालों को भी आयुष्मान योजना से जोड़ा जायेगा? क्या पर्वतीय जिलों में आयुषमान योजना का दायरा बढ़ाने के लिए सरकार कोई ठोस कदम उठा रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | आयुष |
| श्री देशराज कर्णवाल चमार साहब<br>19.08.2020 | 73. क्या आयुष मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला हरिद्वार के एस0सी0 बाहुल्य ग्रामों में सरकार आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने पर विचार कर रही है? यदि हां, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | आयुष |